पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

प्रदेश सरकार ने कृषि क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण हेतु लगभग 45.44 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं को दी वित्तीय स्वीकृति

तिलहन उत्पादन, डिजिटल एग्रीकल्चर, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन तथा जनपद स्तरीय मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण पर होगा व्यय

लखनऊ : 16 नवम्बर, 2026

प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य के किसानों के कल्याण और कृषि अवसंरचना को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के अंतर्गत लगभग 4543.65 लाख रुपये (45.44 करोड़ रुपये) की वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की हैं। इन स्वीकृतियों से प्रदेश में तिलहन उत्पादन को बढ़ावा मिलने के साथ–साथ डिजिटल कृषि, मृदा परीक्षण सुविधाओं के विस्तार और फसल विविधीकरण कार्यक्रमों को नई गति मिलेगी।

प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की गई वित्तीय स्वीकृतियों के तहत राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल–ऑयलसीड्स) योजनांतर्गत अनुदान संख्या–11 के लिए केंद्रांश एवं राज्यांश को सम्मिलित करते हुए 1956.38832 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अतिरिक्त डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के अंतर्गत अनुदान संख्या–83 में भारत सरकार द्वारा जारी द्वितीय मदर सेंक्शन योजना के सापेक्ष केंद्रांश व राज्यांश सहित 792.26 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

मृदा परीक्षण और स्वास्थ्य प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत स्टेट लिंक्ड स्कीम यूपी–74 (नेशनल प्रोजेक्ट ऑन सॉइल हेल्थ एंड फर्टिलिटी–9503) के मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड कार्यक्रम हेतु अनुदान संख्या–11 के अंतर्गत भारत सरकार की द्वितीय मदर सेंक्शन योजना के लिए 736.67 लाख रुपये, अनुदान संख्या–11 हेतु 160.00 लाख रुपये, अनुदान संख्या–83 के अंतर्गत 235.00 लाख रुपये तथा अनुदान संख्या–81 के अंतर्गत 6.66 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही नवीन अवसंरचनाओं एवं परिसंपत्तियों के विकास के तहत अनुदान संख्या–11 में सूक्ष्म पोषक तत्वों के त्वरित विश्लेषण हेतु जनपद स्तरीय मृदा परीक्षण प्रयोगशालाओं में 16 एएएस (AAS) तथा 16 नाइट्रोजन एनालाइजर की स्थापना के निर्माण कार्य के लिए 640.00 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसके अलावा आरएडीएल (RADL) योजनांतर्गत अनुदान संख्या–83 के लिए केंद्रांश एवं राज्यांश सहित 11.67 लाख रुपये तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत क्रॉप डायवर्सीफिकेशन प्रोग्राम (अनुसूचित जातियों के लिए) हेतु 5.00 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

सम्पर्क सूत्र– डा0 मनोज चन्द्रा

राघवेन्द्र / 03:50 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in